एसएसएफबी ने मनाया डिजिटल साक्षरता सप्ताह

शाखा संख्या 400 से अधिक करने का लक्ष्य

भुवनेश्वर : आरबीआई की ओर से घोषित डिजिटल साक्षरता सप्ताह मनाने के साथ सूर्योदय स्माल फाइनेंस बैंक (एसएसएफबी) ने चालू वर्ष देशभर में एक लाख से अधिक लोगों को वित्तीय साक्षर बनाने के आश्वासन को दोहराया है। एसएसएफबी की ओर से 12 महीनों के भीतर 400 से अधिक बैंकिंग आउटलेट खोलने की योजना के विषय में घोषणा की गई है। जिसमें से 50 से अधिक आउटलेट ओडिशा में खोलने का प्रस्ताव है। यह जानकारी कंपनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। इस मौके पर एसएसएफबी के एमडी व सीईओ भास्कर बाबू ने कहा कि हमने 820 करोड़ रुपये

से अधिक जमा तथा 1660 करोड़ रुपये का कुल ऋण पोर्टफोलियो और साल दर साल 37 फीसदी बढ़ोतरी सहित एक सफल वर्ष पूरा किया है। हमारे कारोबार ने पहले साल में हमारे ग्राहकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ऋण, जमा व बीमा संबंधित आसान उत्पाद उपलब्ध कराया। इसके साथ ही हमने अपने ग्राहकों को डोरस्टेप बैंकिंग की सुविधा दी तथा उनके लिए ऋण प्रदानकारी बनने के बजाय संपत्ति सृष्टिकारी बनने का प्रयास किया। केवल पिछले साल की वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के जरिये समाज के 65000 से अधिक सदस्यों के निकट हम पहुंच पाए तथा इस साल 100000 से अधिक सदस्यों के निकट पहुंचने की योजना है।